Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of NOV, DEC– 2023

No. IB/ETC/GZB/2023--24/07-08

1. - केस स्टडी -1

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
18.11.2023	43465/WAG-9H/BGKT	DN/BOXNE	मुरादाबाद
UOR/फैलियर विवरण	दिनांक 18.11.2023 को लोको स० 43465/WAG-9H/BGKT गाड़ी स० DN/BOXNE की गति 02 KMPH से अधिक न बढ़ पाने के कारण समयहानी होने के समबन्ध में ।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक 18.11.2023 को लोको स० 43465/WAG-9H/BGKT गाड़ी स० DN/BOXNE का प्रस्थान मुरादाबाद से हुआ । लोको पायलट ने देखा की गाड़ी की गति 2 KMPH से अधिक नहीं बढ़ पा रही है जिस कारण गाड़ी डाउन स्टार्टर सिगनल के आगे जाकर खड़ी हो गयी । लोको पायलट द्वारा इसकी सूचना TLC/MB को दी गयी । जिसके बाद लोको पायलट ने सर्वप्रथम VCB खोलकर , बंद किया परन्तु सफलता नहीं मिली , जिसके बाद लोको पायलट ने स्विच 154 को पोजीशन "I" पर किया परन्तु सफलता नहीं मिली तत्पश्चात लोको पायलट ने एक बार MCE को रिसेट किया । परन्तु अब भी सफलता नहीं मिली । जिसके बाद लोको पायलट द्वारा रिलीफ इंजन की मांग की गयी । इस पूरी घटना के दौरान गाड़ी को 103 मिनट की समयहानि हुयी जिस कारण 11 मेल एक्सप्रेस और 05 माल गाडियों को समयहानि हुयी ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	**1 kmph से ज्यादा स्पीड नहीं बढती तथा 50 % से ज्यदा TE देनें पर लोको जर्क के साथ आगे बढ़ता है ।** 1. BPFA दबाकर फाल्ट को Acknowledge करे । 2. WAG-9/WAG-9H/WAP-7 लोको में SR-1/SR-2 के उपर यदि टॉगल स्विच लगा है तो DDS के मैसेज के अनुसार स्पीड सेंसर को आइसोलेट करे । यदि मैसेज 0052/0053/0054 ASC1 Error TECHO GENERATOR आता है तो SR-1 पर लगे टॉगल स्विच को निम्नानुसार ऑपरेट कर बाईपास करे । 0052 के लिए – टॉप स्विच (ट्रैक्शन मोटर-1 के लिए) 0053 के लिए – मिड्डिल स्विच (ट्रैक्शन मोटर-2 के लिए) 0054 के लिए – लोअर स्विच (ट्रैक्शन मोटर-3 के लिए) 3. यदि मैसेज 0052/0053/0054 ASC2 Error TECHO GENERATOR आता है तो SR-2 पर लगे टॉगल स्विच को मिनानुसार ऑपरेट कर बाईपास करे । 0052 के लिए – टॉप स्विच (ट्रैक्शन मोटर-4 के लिए) 0053 के लिए – मिड्डिल स्विच (ट्रैक्शन मोटर-5 के लिए) 0054 के लिए – लोअर स्विच (ट्रैक्शन मोटर-6 के लिए) 4. यदि टॉगल स्विच नहीं लगा है तो DDS मैसेज चैक करे व निम्नुसार कार्यवाही करे – a. यदि ASC1 Error TECHO GENERATOR-1/2/3 आता है तो स्थिति के अनुसार कन्ट्रोल इलेक्ट्रॉनिक्स ऑफ करके MCB127.1/1 तथा 127.11/1 के द्वारा बोगी -1 को आइसोलेट करे । एक बोगी के साथ कार्य करे और TLC को सूचित करे । यदि ASC2 Error TECHO GENERATOR-1/2/3 आता है तो स्थिति के अनुसार कन्ट्रोल इलेक्ट्रॉनिक्स ऑफ करके MCB127.1/2 तथा 127.11/2 के द्वारा बोगी -2 को आइसोलेट करे । एक बोगी के साथ कार्य करे और TLC को सूचित करे ।		
टिप्पणी	गलत कार्य : स्पस्ट है की उपरोक्त गाड़ी के लोको पायलट के द्वारा सही ट्रबलशूटिंग नहीं की गयी जिस कारण उस गाड़ी के साथ साथ अन्य गाडियों को भी अनावश्यक समयहानि हुई ।		

2. - केस स्टडी -2

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
24.11.2023	30787/P-7/LDH	12013	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 24.11.2023 को लोको स० 30787/LDH गाड़ी स० 12013 की गति 15 KMPH से अधिक न बढ़ने के समबन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक 24.11.2023 को लोको स० 30787/LDH गाड़ी स० 12013 का प्रस्थान समय 16:31 बजे नयी दिल्ली से हुआ। समय 16:41 मिनट पर ACP होने के कारण गाड़ी खड़ी हुयी जिसको अटेंड करने के बाद गाड़ी शुरू करने पर लोको पायलट ने देखा की गाड़ी की स्पीड 15 KMPH से अधिक नहीं बढ़ रही है जिसकी सूचना TLC/NDLS को समय 16:51 पर दी गयी और बताया गया गया की DDS पर शंटिंग मोड का मेसेज आ रहा है। सब्जी मंदी स्टेशन पर समय 16:58 बजे गाड़ी को खड़ी करके CE को ऑफ/ऑन किया गया जिसके बाद लोको नार्मल हो गया और सब्जी मंदी स्टेशन से गाड़ी का प्रस्थान समय 17:04 मिनट पर हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	स्विच 160 को ऑपरेट करने का तरीका – **शंटिंग कार्य शुरू करने से पहले –** • BL key ड्राइविंग मोड में होना चाहिये। • थ्रोटल , स्पीड एवं रिवर्सर "0" पर होना चाहिये। • स्विच 160 को पोजीशन '1' से '0' पर करे। • DDS स्क्रीन पर मैसेज "Loco in Shunting Mode speed can not be more than 15 Kmph " (फाल्ट न० F1101P2) का आना देखे। **शंटिंग कार्य पूरा होने के बाद –** • BL key का ड्राइविंग मोड में होना सुनिश्चित करे। • थ्रोटल , स्पीड एवं रिवर्सर "0" पर होना चाहिये। • स्विच 160 को पोजीशन '0' से '1' पर करे। • ट्रैक्शन लेकर देखे DDS स्क्रीन पर कोई फाल्ट मैसेज नहीं आना चाहिये।		
टिप्पणी	**गलत कार्य** – LPS नयी दिल्ली द्वारा लोको का चार्ज देने के बाद स्विच 160 को नियमानुसार नार्मल नहीं किया गया साथ ही लोको पायलट द्वारा भी TE लेकर DDS पर शंटिंग मेसेज का न आना भी सुनिश्चित नहीं किया गया। जिस कारण अनावश्यक रूप से गाड़ी को समय विलंबन हुआ।		

3. - केस स्टडी -3

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
01.11.2023	34088/CNB	GMS	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 01.11.2023 को लोको स० 34088/CNB गाड़ी स० GMS का BRSQ – DSJ सेक्शन के बीच लोको पायलट की poor driving technique के कारण लोड स्टालिंग होने के के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक 01.11.2023 को लोको स० 34088/CNB गाड़ी स० GMS का BRSQ – DSJ सेक्शन के बीच लोको पायलट की poor driving technique के कारण लोड स्टालिंग हो गयी जिसको बैंकर लोको की मदद से सेक्शन साफ़ किया गया।		
सामन्य / सहायक नियमानुसार / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	**लोड स्टाल होने से बचाने के लिए –** 1. इंजन का चार्ज लेते समय यह सुनिश्चित करे की सेंड़ेर्स कार्यरत स्थिति में है और रेत बॉक्स को रेट से भर दिया गया है। 2. लोको पायलट को यह सुनिश्चित करना चाहिए की विभिन्न प्रकार के इंजनो के लिए अधिकतम रेटेड करंट लेते समय रिले QRSI ड्राप तो नहीं हो रही है।		

	3. यदि VCB बिना किसी संकेत के के बार-बार ट्रिप होता है तो ग्रेडीएन्ट सेक्शन में प्रवेश करने से पहले बैंकर इंजन की मांग करे या TLC के निर्देशानुसार पूरी सावधानी से रिले Q-118 को वेज करे। 4. सुनिश्चित करे की हैण्ड ब्रेक और पार्किंग ब्रेक रिलीज स्थिति में है। 5. सुनिश्चित करे की BP प्रेशर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और लोड पूरी तरह रिलीज है। 6. यदि लोड जाम चल रहा है तो अगले स्टेशन पर जांच करे। 7. ऊँची चढ़ाई पर सतर्कता आदेश का अनुपालन नाच नियंत्रण के जरिये करे और सतर्कता आदेश वाले सेक्शन में प्रवेश करने से पहले ब्रेक का पूर्ण रूप से रिलीज होना सुनिश्चित करे। 8. यदि न्यूट्रल सेक्शन में सतर्कता आदेश 30 kmph है तो गाड़ी को उपरोक्त मद स० 7 के अनुसार चलाये। 9. ऊँची चढ़ाई चढ़ते समय लोड और रोड के अनुसार गति को बनाये रखे और ढलान को पास करते समय पूरी गति रखे। 10. यदि ऊँची ढलान पर सिगनल लाल है तो पर्याप्त दूरी से ही गाड़ी कन्ट्रोल करे तथा गाड़ी को रिलीज स्थिति में रोल होने दे और गाड़ी को खड़ी करने के लिए तैयार रहे। 11. लूप लाइन या क्रॉस ओवर को क्रॉस करते समय मद स० 7 के अनुसार गाड़ी चलाये। 12. यदि प्रस्थान के समय ही कम इंजन शक्ति का अनुभव हो तो वोल्टमीटर और अमीटर तथा व्हील स्लिप की जाँच करते हुए सभी ट्रैक्शन मोटरो के काम करने की सुनिश्चितता करे। 13. व्हील स्किडिंग की स्थिति की जाँच करे यह 50 mm से कम होनी चाहिए अन्यथा TLC को सूचित करे तथा तदानुद्सार कार्यवाही करे। **टिपण्णी :** फ्लैट व्हील , रेलपथ की खराबी के कारण नहीं होता क्योकि उनकी स० बहुत कम होती है हालाँकि उनका बल पहले से ही जुड़े हुए रेलपथ और जोड़ को तोड़ सकता है तथा फ्लैट व्हील PRC स्लीपर पर क्षमता के बाहर उच्च जुड़त दबाव दाल सकते है फ्लैट व्हील अगर चलने दिया जाए तो और फ्लैटनेस बढ़ने से चाल में गुणात्मक खारबी आ सकती है।
टिप्पणी	गलत कार्य : लोको पायलट की ड्राइविंग तकनीक अच्छी न होने के कारण अनावश्यक रूप से गाड़ी को समयहानी हुयी।

4. - केस स्टडी -4

दिनांक	**लोको न० / शेड**	**गाड़ी न०**	**मंडल**
22.12.2023	30526/GZB	15715	लखनऊ
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 22.12.2023 को गाड़ी स० 15715 लोको स० 30526/GZB में होने वाली समस्हानी के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक 22.12.2023 को गाड़ी स० 15715 लोको स० 30526/GZB का समय 22:35 बजे शाहगंज स्टेशन पर आगमन हुआ। शाहगंज स्टेशन पर लोको पायलट ने लोको का फेस चेंज करने के लिए शंटिंग शुरू की तो लोको का प्रेशर ड्राप होने के कारण लोको खड़ा हो गया। लोको पायलट द्वारा लीकेज की जाँच की गयी परन्तु सफलता नहीं मिली जिसके बाद लोको पायलट ने दूसरी कैब से कोशिश की परन्तु सफलता नहीं मिली तत्पश्चात लोको पायलट ने MCE और बैटरी को ऑफ/ऑन किया जिससे लोको सामान्य हो गया। जाँच करने पर पता चला की VCD ऑपरेट होने के कारण लोको का प्रेशर ड्राप हो गया था। जिस कारण गाड़ी को 18 मिनट की समयहानि हुयी।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	**VCD रिसेट करने का तरीका –** 1. थ्रोटल को '0' पर लाये। 2. A-9 को इमरजेंसी पर रखे जिससे MR ड्राप नहीं होगा। 3. 120 सेकंड इंतज़ार करे। 4. अब चालक डेस्क पर A पैनल पर लगे बटन BPVR को दबाये LSVW का बुझना		

	तथा बजर का बंद होना सुनिश्चित करे। नोट - CCB युक्त वाले लोको में BPVR को 32 सेकंड के बाद दबाये उसमे VCD रिसेट का समय 32 सेकंड है। 5. विजीलेंस पैडल स्विच को एक बार दबाकर छोड़ दे। 6. BPFA को दबाये। 7. पेनल्टी ब्रेक रिसेट करने के बाद A-9 हैंडल को Run पर रखे और BP प्रेशर 5.0 Kg/cm² होना देखे। 8. यदि सफलता न मिले तो कन्ट्रोल इलेक्ट्रॉनिक्स को VCU रिसेट पुश बटन द्वारा रिसेट करे , यदि VCU रिसेट पुश बटन नहीं लगा है या सफलता न मिलने पर BL key द्वारा CE OFF/ON करके पैंटो उठाये VCB क्लोज करे यदि सब सामान्य है तो गाड़ी कार्य करे। **अगर लोको पायलट के सतर्क होने के बाद भी विजीलेंस ब्रेक लगती है तो इसका मतलब या तो** 1. VCD ख़राब हो गयी है या LP साइड का VCD Acknowledge करने वाला पैडल स्विच ख़राब है अतः: CE को ऑफ करे SB-1 में लगे विजीलांस आइसोलेट कट आउट स्विच 237.1 को '0' पर करके विजीलेंस डिवाइस को आइसोलेट कर दे। 2. CE को ऑन करे पैंटो उठाये, VCB क्लोज करे और विजिलेंस डिवाइस के आइसोलेटेड स्थिति में ट्रैक्शन चालू करे। 3. TLC को सूचित करे और सतर्क रहे। नोट – इस स्थिति में LOW MR PRESSURE का मैसेज आ सकता है उस पर ध्यान न दे।
टिप्पणी	गलत कार्य - गाड़ी कार्य के दौरान लोको पायलट ने VCD को एक्कालेज नहीं किया जिस कारण गाड़ी को अनावश्यक समयहानि हुयी।

5. - केस स्टडी - 5

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
23.12.2023	32252/WAG-9/LDH	UP/BOXNE	मुरादाबाद
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 23.12.23 को LPG/MB ने गाड़ी संख्या UP/BOXNE लोको संख्या 32252/LDH का चार्ज GJL में लिया और HPU तक कार्य किया। HPU जाने के बाद गाड़ी को KRJ साइड जाना था जिसके लिये लोको पायलट के द्वारा लोको को रिवर्स करके दूसरी साइड लगाना था। लोको की शंटिंग के पश्चात लोको पायलट ने जब लोको निरीक्षण किया तो उन्होंने देखा की ट्रैक्शन लिंक बार के नीचे की तरफ का एक Nut Bolt नहीं था। LPG/MB ने तुरंत इसकी सूचना TLC/MB को दी जिसके बाद TC/MB द्वारा लोको को फेल कर दिया गया।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	लोकोमोटिव की शंटिंग करने के बाद लोको का निरीक्षण किया गया।अनियमितता मिलने पर TLC को इसकी सूचना दी।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	गाड़ी के स्टॉपेज स्टेशन पर एवं रस्ते में पड़ने वाले हाल्ट पर या अन्य स्थान जहाँ गाड़ी को रोका जाये वहाँ पर लोको के UNDERFRAME की जांच अवश्य करें तथा कोई भी अनियमितता मिलने पर TLC को इसकी सूचना दें।		
टिप्पणी	अच्छा कार्य : लोको पायलट की सतर्कता के कारण एक दुर्घटना को टाला जा सका।		

6. - केस स्टडी - 6

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
28.12.2023	37593W/AP-7/SPJ	19019	मुरादाबाद
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 28.12.2023 को लोको पायलट द्वारा गाड़ी संख्या 19019 लोको संख्या SPJ/37593 का संचालन किया जा रहा था | LRJ स्टेशन का होम सिग्नल पास होते समय पर DDS स्क्रीन पर F0103P1 (DISTRUBANCE IN CONVERTOR -2) का मैसेज आया। LRJ पहुँचकर चालक दल द्वारा CE ON/OFF किया गया और Half Traction के साथ LRJ से गाड़ी का प्रस्थान हुआ परन्तु PRI-IKK के मध्य Neutral section पार करने के बाद **Main Power Off** होने के कारण गाड़ी ब्लॉक सेक्शन में खड़ी हो गयी | लोको पायलट ने ट्रैक्शन कंट्रोलर को बताया कि OCB-2 की MCB-59.1/2 ट्रिप है जोकि रिसेट नहीं हो रही है | लोको पायलट ने CE OFF/ON किया जिससे MCB-59.1/2 रिसेट हो गयी एवं गाड़ी हाफ ट्रैक्शन से चलवाई गयी | परन्तु IKK-JWP के मध्य फिर से **Main Power Off** हो गयी और लोको को फेल करके रिलीफ लोको की मांग की गई। इस प्रकार गाड़ी संख्या 19019 के साथ गाड़ी संख्या 12017 का भी विलम्बन हुआ।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	➢ LP द्वारा LRJ होम सिगनल के पास लोको में पहली बार फाल्ट आने पर LRJ स्टेशन पहुंचने पर लोको में MCB / मशीन रूम का निरीक्षण नहीं किया गया। ➢ DDS स्क्रीन पर आए फाल्ट कोड को नोट नही किया गया । ➢ LP द्वारा TLC/MB को केवल OCB-2 (MCB 59.1/2) ट्रिप बताई गई थी जिस कारण TC ने केवल OCB-2 सम्बन्धी ट्रबल शूटिंग करवाई गई जबकि लोको में OCB-1 की MCB (59.1/1) भी ट्रिप थी | ➢ LP द्वारा OCB-2 (MCB 59.1/2)/ABB type को सही प्रकार से रिसेट नहीं किया गया।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	➢ DDS स्क्रीन पर आये फाल्ट को Note करके ही फाल्ट एकनॉलेज करना चाहिए था | ➢ DDS के फॉल्ट के अनुसार मशीन रूम/ MCB ट्रिप है या नहीं इसकी जांच करनी चाहिए यदि ट्रिप है तो संबंधित उपकरण कार्य कर रहा है या नहीं उसको सुनिश्चित करके उसके अनुसार MCB को रीसेट करना या आइसलेट करना चाहिए था। ➢ Main Power Off होने पर भी क्रू के द्वारा SB-1/2 व HB-1/2 की MCB को ट्रैक्शन कंट्रोलर के कहने के बावजूद सही से जांच नहीं करना, जिसके कारण उनको रीसेट नहीं किया जा सका। ➢ ट्रैक्शन कंट्रोलर के मांगने पर भी क्रू के द्वारा DDS न निकाल पाना, जिसके कारण फाल्ट के अनुसार TSD न होना। ➢ यदि लोको में आई समस्या का निदान न हो तो TLC को यथा शीघ्र सूचना दें तथा 15 मिनट के अंदर रिलीफ लोको की मांग करनी चाहिए थी। ➢ TSD के अनुसार क्रमानुसार ट्रबल शूटिंग करनी चाहिए थी।		
टिप्पणी	**गलत कार्य** : Crew के द्वारा यदि लोको के DDS में आए Fault Code को नोट कर सही से समझा गया होता एवं ट्रबल शूटिंग उसी के अनुसार कि गयी होती तो गाड़ी संख्या 19019 के साथ गाड़ी संख्या 12017 की समय विलंबन को बचाया जा सकता था |		

7. केस स्टडी -7

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
31.12.2023	22055/WAP-4/JHS	22454	मुरादाबाद
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 31.12.2023 को गाड़ी संख्या 22454 लोको संख्या 22055/JHS का संचालन LPM/MB द्वारा किया जा रहा रहा था। गाड़ी का प्रस्थान MB से होने के बाद गाड़ी MB-KGF ब्लॉक खण्ड में प्रेशर ड्रॉप होने के कारण खड़ी हो गई। लोको पायलट ने 20 मिनट बाद TC/MB को बताया कि गाड़ी में ACP हो जाने के कारण लोको में BP प्रेशर 1.5 kg/cm2 प्रेशर ड्रॉप हो गया है तथा हमने लोड की जांच कर ली है लेकिन कहीं भी प्रेशर लीकेज नहीं मिली है तब TC/MB ने LP से एयर ड्रायर आइसलेट कराया परन्तु सफलता नहीं मिली तो लोको को बंद करके पुनः इनरजाइज किया, जिसके कारण गाड़ी का लगभग 35 मिनट विलम्बन हुआ।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	➢ LP द्वारा MB स्टेशन पर CP का ऑइल जाँचने के पश्चात BLCP ऑन नहीं करा गया तथा LP द्वारा BFT/BPT करने के बाद MR प्रेशर न बनने के कारण BP प्रेशर का ड्रॉप हो गया। ➢ ट्रैक्शन कंट्रोलर को CP का कार्यरत अवस्था में बताना जबकि CP कार्य नहीं कर रहे थे। ➢ क्रू के द्वारा BP प्रेशर ड्राप होने का सही कारण नही जानना। ➢ क्रू द्वारा ACP का अनुमान लगाकर गाड़ी में लीकेज की जाँच करना।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	➢ क्रू को गाड़ी स्टार्ट करने से पूर्व सभी प्रेशर, BLCP का ON होना व लोको में सभी मदों का सामान्य होना सुनिश्चित करने के बाद ही गाड़ी संचालन करना चाहिए। ➢ क्रू को पहले यह जांच करनी चाहिए कि MR प्रेशर ड्रॉप हो रहा है या BP प्रेशर, यदि MR प्रेशर ड्रॉप हो तो सर्वप्रथम CP का कार्यरत होना सुनिश्चित करना चाहिए उसके पश्चात ही अन्य सम्बन्धित ट्रबल शूटिंग करें और यदि BP प्रेशर ड्रॉप हुआ है तब ACP/VCD आदि की जांच करनी चाहिए। ➢ समस्या को देखते हुए TSD के अनुसार step by step ट्रबल शूटिंग करनी चाहिए		
टिप्पणी	**गलत कार्य** : लोको पायलट मुरादाबाद के द्वारा यदि BLCP का ON होना सुनिश्चित किया गया होता तथा TLC/MB को सही समय से बताया गया होता तो गाड़ी के विलंबन को बचाया जा सकता था।		

8. केस स्टडी -8

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
06.12.2023	39169/HWH	12304	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 06.12.2023 को लोको स० 39169/HWH गाड़ी स० 12304 के विलंबन के विषय में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 06.12.2023 को लोको स० 39169/HWH गाड़ी स० 12304 को समय 16:25 मिनट पर अटैच किया गया। 04 कोच का प्रेशर बनाया गया परन्तु FP पाइप को नहीं जोड़ा गया। जिसकी सूचना CC/PUNCTUALITY को दी गयी। समय 17:22 मिनट पर गाड़ी का रेक प्लेटफॉर्म 15 पर प्लेस हुआ। समय 17:25 मिनट पर C&W staff ने पहुचकर FP पाइप जोड़ने की कोशिश की परन्तु लोको साइड पाम एंड की पोजीशन गलत होने के कारण FP पाइप नहीं जुड़ पाया। समय 17:35 मिनट पर TLC/NDLS को इसकी सूचना दी गयी। जिसके बाद		

	C&W STAFF द्वारा लोको साइड पाम एंड की पोजीशन को ठीक करके रेक के साथ जोड़ा गया । समय 17:45 मिनट पर गाड़ी का प्रेशर तैयार हुआ और समय 17:53 पर गाड़ी का प्रस्थान हुआ । अंतत: गाड़ी को 13 मिनट की समयहनी हुयी ।
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	1. शेड /आउटपिट staff के द्वारा ट्रिप इंस्पेक्शन के दौरान BP & FP की लीक टेस्ट करना चाहिए (जिससे हमें BP/FP का पाम का ठीक होना या न होने का भी पता चल जाता है) 2. लोको पायलट शंटर लोको को शेड से बाहर निकालते समय BP/FP पाइप सम्बन्धी जांच भी अवश्य करनी चाहिए ।
टिप्पणी	गलत कार्य : लोको मेंटेनेंस staff द्वारा लोको का मेंटेनेंस करते समय गाड़ी के FP पाइप की सही स्थिति में होना सुनिश्चित नहीं किया गया । लोको पायलट शंटर लोको को ऑन ट्रेन करते समय FP का न जुड़ना दर्शाता है की उसने FP को जोड़ने की कोशिश की लेकिन असफल रहा एवं समय रहते TLC/CC ऑन ड्यूटी को सूचित न करना लोको पायलट शंटर द्वारा की गयी लापरवाही को दर्शाता है ।

9. **केस स्टडी - 9**

दिनांक	**लोको न० / शेड**	**गाड़ी न०**	**मंडल**
23.12.2023	27968/KGP	NRW+STD	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 23.12.23 को लोको स० 27968KGP गाड़ी स० NRW+STD का अनावश्यक विलंबन एवं लोको फेलियर के सम्बन्ध में ।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक 23.12.23 को लोको स० 27968KGP गाड़ी स० NRW+STD का चार्ज लोको पायलट द्वारा समय 03:45 पर लिया गया । लोको पायलट ने समय 03:50 पर TLC/NDLS को लोको के व्हील न 3,4,9,10,11,12 पर व्हील स्किडिंग का होना बताया । समय 05:00 बजे मुख्य लोको निरीक्षक लोको पर पहुचे और 05:16 बजे JHI से गाड़ी का प्रस्थान हुआ । लोको पायलट द्वारा प्रथम ब्लाक सेक्शन में ब्रेक पॉवर टेस्ट किया गया जिसमे लोको के व्हील में हेमरिंग का साउंड ओब्सर्व किया गया । जिसके बाद गाड़ी को 20 kmph की गति से NRW स्टेशन तक ले जाया गया । जिसके बाद पॉवर को डीटेच किया गया और अन्य लोको के साथ समय 08:18 मिनट पर NRW से प्रस्थान हुआ ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	**व्हील स्किडिंग से बचाव के उपाय –** 1. SA – 9 से लोको ब्रैक 3.0 kg/cm² (कन्वेंशनल लोको) तथा 3.5 kg/cm² (WAG-9, WAP-7 लोको) से ज्यादा नहीं लगाने चाहिए । 2. सिंक्रोनाइजिंग लोको ब्रेक कन्वेंशनल लोको में 1.8 kg/cm² तथा WAG-9, WAP-7 लोको में 2.5 WAG-9, WAP-7 लोको से अधिक नहीं लगाने चाहिए । 3. लोको ब्रेक टेस्ट करते समय 850 एम्पियर करंट देने पर लोको स्मूथली मूव करना चाहिए । 4. गाड़ी को नियंत्रित करने के लिए इंडीपेंडेंट लोको ब्रेक का उपयोग नहीं करना चाहिए जबकि रोकते समय इंडीपेंडेंट लोको ब्रेक का उपयोग 5 kmph से कम गति पर लोड की बंचिंग के लिए उपयोग किया जा सकता है बशर्ते की गाड़ी के ब्रेक पूरी तरह रिलीज न किये गए हो । 5. डायनामिक ब्रैकिंग के समय इंडीपेंडेंट ब्रेकिंग का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए की DBR संचालन के साथ गाड़ी ब्रेक उपयोग करते समय सिंक्रोनाइजिंग ब्रेकिंग नहीं लगाई जा रही है । 6. डिस्ट्रीब्यूटिव वाल्व का P&G हैंडल सही स्थिति इ (मेल /एक्सप्रेस गाड़ी में वाल्व की तरफ तथा मालगाड़ी में CR की तरफ) होना चाहिए गलत स्थिति में होने पर व्हील स्किडिंग हो सकती है । 7. गाड़ी के प्रस्थान से पहले सुनिश्चित करे की इंजन ब्रेक पूरी तरह रिलीज हो गए है । 8. डेड इंजन चलाते समय सुनिश्चित करे की डेड लोको ब्रेक पूरी तरह रिलीज कर दिए गए है ।		

	BP पाइप अवश्य लगवाए तथा A – 9 से ही ब्रेकिंग करे । जिससे दोनों लोको में सामान सिंक्रोनाइजिंग ब्रेक लगे । 9. इंजन के हैण्ड ब्रेक लगी हुयी स्थिति में रह सकते है सुनिश्चित करे की वेह रिलीज कर दिए गए है ब्रेक रिग्गिंग में खराबी होने पर यह सुनिश्चित करे की लोको ब्रेक BC प्रेशर '0' kg/cm² दर्शाने पर ही ब्रेक ब्लाक पहियों को छोड़ते है । 10. गाड़ी की ब्रेक पॉवर कंजोर होने पर PVEF को दबाये व कंजक्शन ब्रेकिंग को न आने दे ।
टिप्पणी	गलत कार्य : यदि पिछले क्रू द्वारा व्हील के असामन्य आवाज के विषय में UOR दिया गया होता तो अनावश्यक ही हुआ गाड़ी विलंबन और लोको फेलियर टाला जा सकता था ।

10. केस स्टडी - 10

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
29.12.23	30137/GZB	09618	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 29.12.23 को लोको स० 30137 , गाड़ी स० 09618 को हुयी समयहानी के सम्बन्ध में ।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक 29.12.23 को लोको स० 30137 , गाड़ी स० 09618 का समय 02:08 मिनट पर ROK में आगमन हुआ जिसका चार्ज LPS/ROK द्वारा लिया गया । समय 02:25 मिनट पर रेक को गुड्स यार्ड में प्लेस किया गया और पॉवर को डीटेच किया गया । समय 02:40 मिनट पर पुनः अटैच करते समय पॉइंट्स मेन ने LPS को बताया की स्क्रू कपलिंग का हैंडल से कपलिंग टाइट नहीं हो पा रही है जिसकी सूचना TLC/NDLS को दी गयी । समय 03:10 मिनट पर आयरन रॉड की मदद से समय 03:10 मिनट पर EOT किया गया । तत्पश्चात 30 मिनट की देरी से समय 03:25 मिनट पर ROK से गाड़ी का प्रस्थान हुआ ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	अक्रियाशील कैब की ट्रांसिशन कपलिंग को हमेशा उसके हैंगर में सामान्य प्रकार से संरक्षित करके रखना चाहिए । एवं शेड से चार्ज लेते समय इसकी भली भाँती जाँच करके स्क्रू कपलिंग को पूरा टाइट करके फिर लूज़ करना (लगभग 10 चूड़ी) चाहिए ।		
टिप्पणी	गलत कार्य : यदि पिछले क्रू द्वारा स्क्रू कपलिंग के विषय में UOR दिया गया होता तो अनावश्यक ही हुआ गाड़ी विलंबन नहीं होता ।		

11. केस स्टडी - 11

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
31.12.23	32457/LDH	PLPC	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 31.12.23 को लोको स० 32457 , गाड़ी स० PLPC को हुयी समयहानी के सम्बन्ध में ।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक 29.12.23 को लोको स० 32457 , गाड़ी स० PLPC का PNP स्टेशन से समय 12:43 मिनट पर प्रस्थान हुआ । SHDM स्टेशन को पास करने के बाद ER को OBSERVE करने के लिए लोको पायलट ने A-9 से 0.5 kg/cm प्रेशर ड्राप किया जिससे गाड़ी SHDM-MOY स्टेशनो के बीच गाड़ी खड़ी हो गयी । ब्रेक रिलीज करने के बाद जैसे ही लोको पायलट ने ट्रैक्शन ली तो लोको लोड को हॉल नहीं कर पाया । जिसके बाद लोको पायलट ने MCE को रिसेट किया और दोनों बोगी को पुनः सर्विस में किया । जिसके बाद समय 14:45 पर गाड़ी का प्रस्थान हुआ ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने	1. लोको पायलट को ER का पालन करने के लिए अधिकतम RG का प्रयोग करना चाहिए । 2. यदि आवश्यक हो तो A – 9 का प्रयोग मिनीमम एप्लीकेशन के साथ RG करके ER को		

वाली सही कार्यवाही	ओब्सर्व करे। 3. लोको पायलट को उचित दूरी से ब्रेकिंग करना चाहिए एवं शार्ट डिस्टेंस से ओवर BP रिडक्शन से बचना चाहिए।
टिप्पणी	गलत कार्य : लोको पायलट की POOR DRIVING TECHNIQUE होने के कारण गाड़ी अनावश्यक ही ब्लाक सेक्शन में खड़ी रही जिससे अनावश्यक ही समयहानि हुयी।

Vreevchakumar
Inst/ETC

सरताश

(सरताश कुमार)

(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)

न० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1

दिनांक – .....

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/मोबिलिटी, उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण/मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।